## खबर संक्षेप



### बिहार चुनाव जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**स्लीमनाबाद।** शुक्रवार को बिहार चुनाव के परिणाम आये जिस पर एनडीए नें भारी बहुमत के साथ चुनाव जीता। एनडीए का आंकड़ा 200 सीटों के पार पहुंच गया। बिहार चुनाव पर भाजपा व जेडीयू नें मिलकर 200 से ज्यादा सीटे हासिल की। बिहार चुनाव जीत पर बहोरीबंद विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं नें जीत का जश्न मनाया। विधायक कार्यालय बहोरीबंद मे भाजपा कार्यकर्ताओ नें विधायक प्रणय पांडेय के साथ ढ़ोल -नगाड़ो के नाच गाकर खुशियां मनाई। कार्यकर्ताओ नें विधायक का मुँह मीठा कराया। कार्यकर्ताओं नें एक -दूसरे का मुँह मीठा करा जीत का जश्न मनाया।

### विधिक सेवा सप्ताह के तहत निकली बाइक रैली

**कटनी।** जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को प्रातः 10.00 बजे बाइक रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य टोल-फ्री कानूनी सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100, नागरिकों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत मुफ्त कानूनी सहायता एवं विधिक योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना था। बाइक रैली को जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संजय कुमार गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जे.पी. चडार और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुमित शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली शहर के मुख्य मार्ग जिला जेल कटनी, झिंझरी चौराहा, कलेक्टर कार्यालय, माधव नगर चौराहा होते हुए सागर पुलिया, मिशन चौक तक पहुंची। बाइक रैली का अंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में ही किया गया। बाइक रैली को प्रभावशाली बनाने के लिए जिला न्यायालय कटनी के कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर, पैनल अधिवक्ताओं, लीगल एड डिफेंस काउंसिल कटनी के अधिवक्ताओं द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

### भाजपाजनों ने सुभाष चौक में मनाया जोरदार जश्न



**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार शाम सुभाष चौक में बिहार में एनडीए सरकार की प्रचंड जीत पर जोरदार जश्न मनाया। ढोल नगाड़ों तथा गगनचुंबी आतिशबाजी के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरित किया तथा भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारों के साथ पूरे माहौल को भाजपामयी बना दिया। जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी के साथ वरिष्ठ नेता भी कार्यकर्ताओं के उत्साह का सम्मान करते हुए इस उत्सव में खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए। एक दूसरे को बधाइयों का सिलसिला देर तक जारी रहा। जिलाध्यक्ष टण्डन ने कहा कि यह भाजपा और एनडीए कार्यकर्ताओं के परिश्रम तथा प्रधानमंत्री मोदी, नीतीश कुमार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व तथा देश और बिहार में सुशासन की जीत है यह जनादेश विकास विरोधियों को करारा जवाब है।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर की गई मारपीट

**कटनी।** कैमोर थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक से मारपीट की गई। जानकारी अनुसार राजाबाबू कोल से तेजराम कोल ने शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। पैसे देने से मना करने पर मारपीट की गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ के वित्तीय अनियमितता के सात प्रकरणों पर जिपं सीईओ ने की सुनवाई

# सोलर लाइट खरीदी में जमकर घपलेबाजी 7 पंचायतों से वसूले जाएंगे 20 लाख रूपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत बहोरीबंद की छः और विजयराघवगढ़ की एक ग्राम पंचायत के वित्तीय प्रकरणों के मामलों में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सुनवाई की। सुश्री कौर ने एक-एक प्रकरण पर अत्यंत संजीदगी से ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव का पक्ष सुना। ग्राम पंचायत कूड़न और तिहारी के सरपंच,सचिव सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहे। समाधान कारक उत्तर नहीं पाए जाने पर सभी प्रकरणों में धारा 89 के तहत 20,08,310 रुपयों की राशि वसूली के साथ अन्य कार्यवाही की जाएगी।

### प्रकरण जिन पर सुनवाई हुई

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत बहोरीबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार निम्न ग्राम पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायत अंतर्गत मध्यप्रदेश भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करते हुए सोलर लाइट की खरीदी की गई तथा नियम विरुद्ध राशि आहरित कर



वित्तीय अनियमितता बरती गई। फलस्वरुप विहित अधिकारी एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत नोटिस जारी कर पक्ष रखने हेतु ग्राम पंचायतों को आहूत किया गया। अवगत होवे कि ग्राम पंचायत सलैया प्यासी की तत्कालीन सरपंच और सचिव क्रमशः सुधा बाई और विजय कोरी ने पांच नग सोलर लाइट 1,65,500 रुपए, सिमरापटी की विसरती बाई और रोहिणी प्रसाद विश्वकर्मा ने 6 नग सोलर लाइट 198000 रूपये, कौडिया की तुलसा बाई एवं जुगल किशोर गुप्ता ने पांच नग सोलर लाइट 1,65,000 रुपए, बंधी धूरी के कौशल यादव एवं लोकचंद जायसवाल ने 11 नाग सोलर लाइट 3,30,000 रुपए, तिहारी के भगवत प्रसाद एवं सुनीता दुबे ने 20 नाग सोलर लाइट कीमत 6,50,100 रुपए, कूड़न के प्राण सिंह ने 10 लाख सोलर लाइट 3,30,000 रुपए की खरीदी भंडार क्रय नियमों के विरुद्ध करते हुए वित्तीय अनियमितता की।

इसीप्रकार जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत खजुरा द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों एवं अन्य भुगतान में 1,70,210 रूपये के फर्जी बिल बाउचर के द्वारा शासकीय राशि का आहरण कर राशि हड़प लिए जाने के संबंध में जारी कारण बताओ सूचना पत्र के संबंध में सुनवाई हुई। जवाब समाधान कारक नहीं पाए जाने एवं अनुपस्थित रहने की दशा में धारा 89 के तहत वसूली वो अन्य विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### ई-केवाईसी की न्यून प्रगति पर 7 पंचायतों के सचिवों एवं जीआरएस को थमाया नोटिस, तीन दिन में जवाब तलब

ई-केवाईसी कार्य में न्यून प्रगति परिलक्षित होने पर जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद पंचायत बड़वारा की 7 ग्राम पंचायत के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने जनपद पंचायत बड़वारा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के प्रस्ताव पर ग्राम पंचायत नदावन के सचिव कामता प्रसाद बर्मन एवं जीआरएस अतुल त्रिपाठी, सलैया सिहोरा की सचिव रंजना शुक्ला एवं जीआरएस भगवन देव दुबे ,कुठिया महंगवा के सचिव बलदाऊ त्रिपाठी एवं जीआरएस नीलेश कुमार पाटकर, मझगवां के सचिव मदनलाल केवट एवं जीआरएस इकबाल मोहम्मद, भजिया के सचिव इंद्रभान रजक एवं जीआरएस शेख आबिद, भुड़सा और भदौरा के ग्राम रोजगार सहायक क्रमशः राजेश विश्वकर्मा और रामलाल दुबे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने को कहा गया है। जारी नोटिस के मुताबिक नियत समय सीमा में प्रतिवाद प्रस्तुत नहीं करने अथवा उत्तर समाधान कारक नहीं पाए जाने पर मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 में निहित प्रावधानों के तहत एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

## प्रशिक्षण कार्यशाला में महिला स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**कटनी।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत नगर निगम में शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भोपाल से पधारीं फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की स्वच्छता नॉलेज पार्टनर मध्यप्रदेश टीम ने उपस्थित महिला स्वच्छता कर्मियों को कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा स्वच्छता से जुड़े विभिन्न आयामों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने कचरा क्या है, कचरे का वर्गीकरण, कचरे का जीवनचक्र, प्रसंस्करण एवं उपचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुति दी। साथ ही सड़क एवं नाली सफाई की वैज्ञानिक प्रक्रिया, स्वच्छता कर्मियों की भूमिका और उत्तरदायित्व, सामाजिक समावेशन, आजीविका सशक्ति करण तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी व्यवहार परिवर्तन पर भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्रतिभागियों को वास्तविक कार्यस्थल पर अपनाए जाने वाले जरूरी सावधानियों, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी समझाए गए। कार्यक्रम के एक महत्वपूर्ण हिस्से में उपस्थित 50 महिला स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा किया गया।

*खेलकूद गतिविधियों ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन*

## बाल मेला में पहुंचें विधायक, बहोरीबंद में विद्यार्थियों को वितरित की गईं साईकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शुक्रवार को बाल दिवस के मौके पर शासकीय सांदीपनी विद्यालय बहोरीबंद में बाल मेला आयोजित किया गया। बाल मेला पर मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक प्रणय पांडेय शामिल रहे। स्कूल स्टॉफ ने विधायक का स्वागत किया। माँ सरस्वती की पूजा कर किया गया। इसके बाल बाल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। बाल मेला बाल विद्यार्थियों नें व्यंजनों के स्टॉल लगाए। विधायक सहित जनप्रतिनिधियों नें स्टॉलो का अवलोकन कर व्यंजनों का स्वाद चखा ओर विद्यार्थियों का मनोबल



बढ़ाया। खेल-कूद गतिविधियां आयोजित की गईं जिसमें विद्यार्थियों नें भाग लेकर प्रतिभा का हुनर दिखाया। कार्यक्रम के दौरान ही विधायक के द्वारा विद्यार्थियों को साईकिल वितरण की गईं।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार सहित जनप्रतिनिधियों व स्कूल स्टॉफ की उपस्थिति रही!स्कूलों मे बाल दिवस के रूप मे मनाई गईं चाचा नेहरू की जयंती-14 नवंबर को पंडित जवाहर लाल नेहरू की जन्म जयंती बहोरीबंद विकासखंड के सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों मे बाल दिवस के रूप मे मनाई गईं। बाल दिवस के अवसर पर स्कूलों मे सांस्कृतिक व खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गईं।

बाल दिवस के उपलक्ष्य पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। साथ ही खेल -कूद गतिविधियां आयोजित की गईं!खेल कूद प्रतियोगिता मे नीबू दौड़, म्यूजिकल चेयर, खो -खो, क्रिकेट, बिस्किट पकड़ दौड़ मे छात्र -छात्राओं ने भाग लेकर प्रतिभा का हुनर दिखाया।

## संस्कृति तथा प्रकृति से निकटता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता



शासकीय महाविद्यालय बरही में भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, डॉ. एस. एस. धुर्वे के संयोजन एवं डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में ₹जनजातीय नायक–संस्कृति तथा प्रकृति से निकटता₹ विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही सौरभ तिवारी के नेतृत्व में भाषण एवं मनोज चौधरी के नेतृत्व में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़कर उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। विजेता प्रतिभागियों को शनिवार 15 नवंबर को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## बस स्टैण्ड में लगा कचरे का अंबार, बदबू से यात्रियों एवं स्थानीय जनों की फजीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान के न्यू बस स्टैंड में कचरा का अंबार जमा है। गंदगी एवं बदबू के कारण न सिर्फ स्थानीय लोग बल्कि यात्रियों को भी नाक दबाकर गुजरना पड़ रहा हैं। स्वच्छता अभियान का राग अलापा जा रहा है लेकिन सफाई के नाम पर जगह जगह कचरे के ढेर स्वच्छता प्रयासों की हकीकत स्वयं ही दिखा रहे हैं। सफाई के नाम पर भले ही लाखों रुपये फूंके जा रहे हों लेकिन मैदानी सच्चाई आंकड़ों से मेल नहीं खा रही है। नागरिकों का कहना है कि स्वच्छता के नाम पर कागजी आंकड़ों में मोटी रकम खर्च की जा रही है लेकिन बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक एवं व्यस्ततम क्षेत्र में



कचरे के ढेर पोल खोल रहे हैं। बस स्टैंड की सड़कें कीचड़ से भरी हुई हैं, कचरा कंटेनरों की कमी है, और जो कचरा डस्टबिन में होना चाहिए वह पूरे परिसर में बिखरा पड़ा रहता है। नालियाँ महीनों से साफ नहीं की गई हैं, जिसके कारण उनमें पानी और कचरा सड़ने लगा है और इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। बस स्टैंड पर रोजाना सैकड़ों यात्री आते-जाते हैं, लेकिन उनके लिए न बैठने की उचित व्यवस्था है और न ही साफ-सफाई का वातावरण, बसों के इंतज़ार में बैठे यात्रियों को बदबूदार माहौल और गंदगी झेलनी पड़ती है। बारिश के दिनों में स्थिति और अधिक खराब हो जाती है कीचड़, पानी भराव और कचरा मिलकर यात्रियों के लिए असहनीय स्थिति पैदा कर देते हैं।

*डीपीएस विद्यालय मे धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस*

## सांस्कृतिक गतिविधियों की दी मोहक प्रस्तुति प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

डीपीएस विद्यालय में बाल दिवस अत्यंत धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं ने विशेष सभा का आयोजन किया सभी शिक्षकों एवं सांस्कृतिक गतिविधि सदस्यों ने सांस्कृतिक आयोजन कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जिसमें नाटक, नृत्य साहस संघर्ष और नई सोच के नेतृत्व कर्ता' बिरसा मुंडा'के कृतित्व पर पर एक विशेष प्रस्तुति प्रस्तुत की इसके बाद बच्चों के मनोरंजन हितार्थ क्रिकेट मैच वॉलीबॉल का शानदार आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को रोमांचकारी बनाने के लिए शिक्षकों और छात्रों के बीच



खेल आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि की भूमिका अनुज जैन एवं श्रीमती विभा जैन ने निभाई और लगातार खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते नजर और इस रोमांचकारी खेल में भाग लेकर खेल का लुफ्त लिया तदुपरात रिंग गेम, टैटू मेकिंग फेस पेंटिंग, बीडिंग ,पिट्ठू ,गुल्ली डंडा ,लंगड़ी टांग, पोशांपा जैसी रोमांचकारी गतिविधियों का आयोजन हुआ। बच्चों ने हर क्षण आनंद लिया और उनके चेहरे पर प्रसन्नता का भाव देखकर संपूर्ण विद्यालय परिवार बाल दिवस के इस आनंद महोत्सव में मग्न हो गया।

आयोजन की शुरुवात में प्राचार्य श्रीमती सीमा दुबे , उपप्राचार्य शबनम अख्तर द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रचलित किया गया एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसमें सीनियर स्कूल बॉय एवं गर्ल ने भी शिरकत की विद्यालय निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने छात्र-छात्राओं को बाल दिवस की कोटि शुभकामनाएं दी और जीवन में आनंद और पढ़ाई के बीच सही तारतम्य बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की सभी बच्चों ने अपने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया उनके इस विशेष दिवस को अति विशेष बनाने के लिए और कहां हम दृढ़ संकल्पित हैं अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अपने विद्यालय ,परिवार ,समाज और देश का मान सम्मान बढ़ाने के लिए इस प्रकार अत्यंत हर्ष उल्लास के साथ इस आयोजन का समापन हुआ।

### महापौर ने विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

## ट्रांसपोर्ट नगर शिफ्टिंग एवं घंटाघर मार्ग के चौड़ीकरण प्राथमिकता से करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में शहर विकास से जुड़े विभिन्न प्रमुख कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। शहर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने और विकास कार्यों में गति लाने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में महापौर ने चल रहे विकास कार्यों का बिंदुवार समीक्षा कर शासन मंशानुरूप कार्यो को गति प्रदान करनें के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु शहरी टांसपोटर्स को ट्रांसपोर्ट नगर में



स्थापित करने हेतु की गई अद्यतन कार्यवाही की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर में चिन्हित भूखंडों पर अलग-अलग बोर्ड लगाने, अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने के साथ ही नगर के शेष ट्रांसपोर्टर्स को ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट करने की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में महापौर श्रीमती सूरी द्वारा जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य के तहत आने वाले अतिक्रमणों की जानकारी ली जिसपर सहायक यंत्री सुनील सिंह ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को नोटिस पूर्व में बाटें जा चुके है। आगामी दिनों में पुलिस, राजस्व एवं निगम प्रशासन की सहायता से स्थल के अतिक्रमणों को हटाने की पुनः कार्यवाही की जायेगी। जिसपर महापौर द्वारा उक्त कार्यवाही को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने निर्माणाधीन नवीन चौपाटी, अधोसंरचना विकास कार्यो तथा शहर के महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। महापौर ने अधिकारियों से प्रत्येक कार्य की वर्तमान स्थिति, प्रगति, बाधाएँ और आगामी कार्य योजना के बारे में जानकारी ली जाकर उनके निराकरण हेतु आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए।

महापौर श्रीमती सूरी ने पूर्व में ओवर ब्रिज के नीचे किए गए निरीक्षण के दौरान रिक्त स्थल को चिन्हित कर सुरक्षित एवं सौंदर्यीकरण करने के दिए गए निर्देशों के संबंध में कृत जानकारी चाहे जाने पर बताया गया कि स्थल का मेजरमेंट कर लिया गया है। जिस पर महापौर नें सौंदर्यीकरण एवं अन्य उपयोग हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान वसूली कार्यो में तेजी लाने, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रेम नगर में चल रहे विद्युतीकरण कार्य की भी समीक्षा कर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने अधिकारियों को कार्यो में गति लाकर शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, आदेश जैन, उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी, लिपिक आलोक गर्ग सहित अन्य कर्मियों की उपस्थिति रही।



## नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण संबंधी बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में विद्युत प्रकरणों का निराकरण कर आमजन को राहत देने के उद्देश्य से विद्युत विभाग के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों के साथ जिला न्यायालय कटनी के कॉन्फ्रेंस हॉल में मीटिंग का आयोजन किया गया।

मीटिंग में गोपेश गर्ग विशेष न्यायाधीश (विद्युत) न्यायालय के द्वारा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समझौता योग्य प्रकरणों में पक्षकारों को म. प्र. शासन द्वारा दी जाने वाली छूटों की जानकारी देने एवं आपसी सहमति से नेशनल लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण करने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा गया। ताकि पक्षकार नेशनल लोक अदालत का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा म. प्र. शासन द्वारा दी जाने वाली छूट का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं पक्षकारों को समझौते के लिए राजी करने का अश्वासन दिया गया।

## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव दिवस' का आयोजन आज

**कटनी।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य पर शनिवार 15 नवंबर को ढीमरखेड़ा के महात्मा गांधी मैदान में सुबह 10 बजे से खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जनजातीय गौरव दिवस' के जिला स्तरीय कार्यक्रम का गरिमापूर्ण आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने कार्यक्रम की तैयारियों के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। इसके अलावा प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनजातीय गौरव दिवस से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अन्य विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित प्रमुख योजनाओं की प्रदर्शनी एवं स्टाल लगाई जाएगी। साथ ही कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले आगंतुकों एवं हितग्राहियों को शासन के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### कंट्रोल रूम के सुचारू संचालन टीम गठित कर सौंपे दायित्व

**कटनी।** जन जातीय कार्य विभाग के अंतर्गत जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समापन के अवसर पर जबलपुर में शनिवार, 15 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम गौरव दिवस के सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत कार्यालय में कंट्रोल रूम का गठन किया है। सुश्री कौर ने कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी श्री कमलेश सैनी जिला समन्वयक (एसबीएम) जिला पंचायत कटनी 8770081879 को नामांकित करते हुए आठ सदस्यों की टीम गठित की है। लोक सेवक सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन कमलेश सैनी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में करेंगे। गठित टीम में धनराज चौधरी जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण जनपद पंचायत बहोरीबंद, पंकज नामदेव जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरजीसीए विजयराघवगढ़, कमल सिंह ठाकुर जिला समन्वयक आरजीएसए ढीमरखेड़ा, नरेश राठौर लेखपाल रीठी, सानिध्य खरे लेखपाल कटनी, रवि श्रीवास्तव लेखपाल बड़वारा एवं सुग्रीव मरावी डाटा एंट्री ऑपरेटर कटनी डिवीजन आबंटित जनपद पंचायतों से संबंधित कार्यों का संपादन करेंगे।

### विद्यापति स्मृति समारोह का आयोजन 28 को

**कटनी।** भोजपुरी साहित्य अकादमी, म.प्र. संस्कृति परिषद् भोपाल द्वारा आगामी 28 एवं 29 नवम्बर को शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के सभागार में दो दिवसीय ''विद्यापति स्मृति समारोह'' का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में देश के प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जायेगी। इस समारोह के आयोजन हेतु कार्यक्रम स्थल का आरक्षण एवं अन्य आवश्यक समुचित व्यवस्था के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर डॉ. सुनील कुमार बाजपेई, प्राचार्य शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही श्री बाजपेई को समारोह संबंधी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं।

### गौरव यात्रा के समापन पर जन जातीय प्रतिभाओं का किया जाएगा सम्मान

**कटनी।** जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार-वार्ता में भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जन्मदिवस पर होने वाले आयोजनों की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने दी। जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने बताया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पूरे देश में मनाया जा रहा है। जनजातीय गौरव यात्राओं के समापन समारोह से प्रधानमंत्री भी जुड़ेंगे। इस अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों में जनजातीय प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। विधायक श्री सिंह ने जनजातीय वर्ग के लिए सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं की जानकारी दी गई।

---

**निगमायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर दिए निर्देश**

# निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी एजेंसी पर पेनाल्टी की कार्यवाही के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम प्रशासन के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत झिंझरी स्थित बस स्टेंड में चल रहे चल रहे क्षेत्रीय बस स्टेंड के निर्माण कार्य के साथ ही अमृत योजना के तहत माधवनगर एवं दुगाडी नाला में निर्माणाधीन एस.टी .पी के कार्यों की प्रगति का शुकवार को निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने जिला जेल के समक्ष झिंझरी में करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन क्षेत्रीय बस स्टैंड के निर्माणाधीन कार्यो का अवलोकन कर क्रियान्वयन की स्थिति का मौका मुआयना किया। इस दौरान निगमायुक्त ने निर्माणाधीन बस स्टैंड में उपलब्ध सुविधाओं जैसे टिकट काउंटर, शौचालय, यात्रियों के लिए डॉरमेट्री और दुकानों की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा बस स्टेंड के प्रथम तल में निर्माणाधीन 6 कक्षों का अवलोकन किया जाकर उनकी उपयोगिता सहित छत में रेस्टोरेंट संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने टायलेट निर्माण के कार्य सहित पेयजल एवं विद्युत फिटिंग के कार्य व भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए निर्माणाधीन बस स्टेंड के शेष कार्य को बेहतर गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराते हुए बसों का संचालन प्रारंभ करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश सहायक यंत्री सुनील सिंह को दिए। इस दौरान निगमायुक्त द्वारा बस स्टेंड के बाजू से अतिरिक्त भूमि आवंटन प्रक्रिया की अधतन स्थिति तथा सिटी बस संचालन के संबंध में जानकारी भी ली गई।

### प्रतिदिन के कार्यों का चार्ट करें प्रस्तुत

अमृत योजना के तहत माधवनगर के एस.टी.पी साईट पर चल रहे विभिन्न कार्यो का पूर्व निर्देशानुसार निर्धारित टाईमलाईन अनुसार प्रगतिरत कार्यो के निरीक्षण के दौरान टाईमलाईन अनुसार कार्यो में प्रगति नहीं पाये जाने पर गहन नाराजगी व्यक्त की गई। जिसपर निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि मैकेनिकल आईटम सारे आ चुके है जिनके इंस्टॉलेशन हेतु एक दो दिवस में टीम भी पहुंचने वाली है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने पी.डी.एम.सी के प्रतिनिधि विशाल सैनी से भी स्थल पर कराये जा रहे निर्माण कार्य एवं उनकी समयावधि के संबंध में जानकारी ली तथा टाईमलाईन अनुरूप मेन पंपिंग स्टेशन, प्राइमरी ट्रीटमेंट यूनिट, एस.बी.आर, सीसीटी आदि के कार्य में प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधितों पर नोटिस जारी करने एवं पेनल्टी की कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए। वहीं दुगाडी नाला एस.टी.पी-2 के निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा किया जाकर क्रिटिकल एवं इंटर कनेक्टेड कार्यो की टाईमलाइन निर्धारित करते हुए मार्च माह तक कार्य पूर्ण करने का प्रतिदिन का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### रेस्टोरेशन के कार्यों की जानकारी पूर्व से देवें

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सीवर लाइन विस्तार उपरांत नगर में मुख्य मार्गो में कराये जाने वाले विभिन्न रेस्टोरेशन कार्यों की जानकारी तिथि, स्थल एवं समय से पूर्व से अवगत कराने तथा विभिन्न वार्डो खराब हो चुके रेस्टोरेशन कार्य की सूची तैयार कर उन्हे भी दुरूस्त करानें के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने खदानों के आसपास के क्षेत्र को विकसित करने के प्रोजेक्ट को लेकर विश्वकर्मा खदान एवं ग्रीन स्पेस निर्माण हेतु वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अमकुही के स्थल का भी जायजा लिया।

---

# अधूरी पड़ी नल जल योजना घरों में नहीं पहुंच रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



ढीमरखेड़ा जनपद के ग्राम लालपुर में बहुप्रतीक्षित नल-जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इस योजना से ग्रामीणों को घर-घर शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बाद भी परियोजना पूरी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो पाइपलाइन का कार्य सही ढंग से हुआ है, न ही जल स्रोत से जुड़ा टंकी निर्माण कार्य मानकों के अनुसार संपन्न हुआ है।

जानकारी के अनुसार लालपुर ग्राम पंचायत में नल-जल योजना के तहत लाखों रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था। इसका उद्देश्य था कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचे ताकि गांव की महिलाओं को अब दूर-दराज़ से पानी लाने की मशक्कत न करनी पड़े। लेकिन योजना के आरंभ होने के कई महीने बीत जाने के बाद भी इसका लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच सका। पाइपलाइन कई स्थानों पर उखड़ी हुई पड़ी है, कुछ जगह पाइपों को आधा अधूरा गाड़ा गया है। पानी की सप्लाई शुरू करने की बात तो दूर, जल स्रोत से गांव तक का कनेक्शन ही सही तरह से नहीं जोड़ा गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा कार्य अत्यंत लापरवाही से किया गया है। बिना गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया और कई स्थानों पर तो पाइपों को जोड़ने में मानक प्रक्रिया का पालन ही नहीं किया गया। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया कि संबंधित इंजीनियर की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में है। इंजीनियर ने कभी सही रूप से निरीक्षण नहीं किया। जब ग्रामीणों ने उनसे शिकायत की तो उन्होंने सिर्फ आश्वासन दिया लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। यदि समय पर निरीक्षण होता तो अब तक काम पूरा हो चुका होता।

---

**पेट्रोलिंग के दौरान गत शाम रंगनाथ नगर पुलिस ने की कार्रवाई**

# नाइट्रावेट टैबलेट के 25 पत्ते किये गए जब्त, दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रंगनाथ नगर पुलिस ने दो व्यक्तियों के पास से नशे के रूप में उपयोग की जाने वाली नाइट्रावेट गोलियों बरामद की गई हैं। दोनो आरोपितों के विरूद्ध धारा 8/21,22 एनडीपीएस एक्ट,5/11 म.प्र. ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना रंगनाथ पुलिस द्वारा क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग की जाकर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान पर्यावरण कॉलोनी रोड ओ.एफ.के. के पास दो व्यक्ति संदिग्ध हालत मे रोड के अंदर तरफ जंगल में बैठे दिखे जो पुलिस के वाहन को आता देख भागने लगे जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर नाम पता पूछा जो अपना नाम मंजा सेन उर्फ गणेश पिता स्व.श्याम सुंदर सेन 48 साल निवासी बरगवां थाना रंगनाथ नगर दीपू उर्फ रामजानी सेन पिता मनमोहन सेन 24 साल निवासी बरगवां का होना बताया। उक्त दोनो व्यक्ति कटनी के होने के वावजूद रास्ता भटकना बोलने से और अधिक संदेह गहराया जो संदेहियो से अपने अपने हाथ मे लिये काले रंग के हैण्ड बैग को खोलकर चैक कराने के लिये बोला जो बैग खोलकर दिखाये जो दोनो व्यक्तियो के बैग के अंदर गोलियो के 25 पत्ते मिले, गोलियो को चैक करने पर उक्त संदेहियो द्वारा बताया गया कि यह नाईट्रावेट गोलियो का उपयोग नशे के लिये किया जाता है।

आरोपीगणो द्वारा अवैध मादक पदार्थ नाईट्रावेट टेवलेट रखना पाये जाने से आरोपीगणो का कृत्य अपराधा धारा 8/21,22 एनडीपीएस एक्ट, 5/11 म.प्र.ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया

आरोपितों की गिरफ्तारी में एसआई अरूणपाल सिंह थाना प्रभारी रंगनाथनगर, सउनि बहादुर सिंह, प्र.आर. रामनरेश शुक्ला, अजय तिवारी, प्रमोद सिंह, उमारमण बागरी, आर. रोहित, वीरेन्द्र, बृजेश की भूमिका रही।

---

**शारदा मॉडल स्कूल में बाल मेला का हुआ आयोजन**



बाल दिवस के अवसर पर क्षेत्र के ख्याति प्राप्त स्कूल शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा में बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, क्लास सजा, साइंस एग्जीबिशन, क्ले आर्ट बच्चों के द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई एवम बच्चों के द्वारा मेला में विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई गईं। खान पान की दुकाने एवम विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए गए जिसमें मेले में आये गणमान्यजनों व पालकों ने खरीदारी की व बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में लोकप्रिय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और ब्लॉक समन्वयक श्रीमती बबीता सिंह और उनके सहयोगियों द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया और प्रतियोगिता में बच्चों को बाल मेले के महत्व के विषय में जानकारी दी गई शाला के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण एवम सराहनीय योगदान रहा।

---

# लापता दो नाबालिग बालिकाओं को हरियाणा एवं दमोह से दस्तयाब कर परिजनों के किया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद एवं बाकल पुलिस ने लापता नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब कर परिवार से मिलाया। पुलिस के अनुसार 1 से 30 नवंबर तक मुस्कान विशेष अभियान संचालित किया जा रहा हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी करना है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अति.पु. अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी बहोरीबंद अखलेश दाहिया एंव उनकी टीम के व्दारा आपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग गुमशुदा लड़की को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस के मुताबिक 17 मार्च 25 को थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिक लड़की 17 साल 7 माह की घर से बिना बताऐ कही चली गई है। रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया। विवेचना के दौरान 13 नवंबर को अपहृता की दस्तयाबी कोसली हरियाणा से की गई और परिजनो के सुपुर्द किया गया। अपहृता के माता पिता उसे घर का काम न करने की बात से नाराज होते थे जिस कारण वह नाराज होकर बिना बताये घर से चली गई थी। नाबालिग गुमशुदा की दस्तयाबी मे निरीक्षक थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, उनि. धनजंय पाण्डेय, सउनि. मोनेन्द्र सिह, आर. वंदना उईके, आर अतुल श्रीवास्तव, कोमल सिह की भूमिका रही।

इसी तरह थाना प्रभारी बाकल शिवा पाठक एवं उनकी टीम ने आपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग गुमशुदा लड़की को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के मुताबिक 25 जून 24 को थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी 16 साल 2 माह 28 दिन की बेटी घर से बिना बताऐ कही चली गई है। रिपोर्ट पर धारा 363 आईपी सी का कायम कर विवेचना मे लिया गया था। विवेचना के दौरान अपहृता की तलाश कर 13 नवंबर 25 को अपहृता की दस्तयाबी दमोह से की गई और परिजनो के सुपुर्द किया गया। पूछताछ में नाबालिक बालिका ने बताया कि माता-पिता के डाटने पर गुस्सा होकर वह अपने रिश्तेदारों के यहां चली गई थी। कार्रवाई में थानाप्रभारी शिवा पाठक, उनि. भूरालाल ठाकुर, म.आर. रोशनी पटेल की भूमिका रही।

---

**20 नवंबर तक होगा आयोजन, बाल सभाओं में अधिकारों, सुरक्षा के मुद्दों पर होगी चर्चा एवं संवाद**

# पंचायतों में विशेष बाल सभाओं का हुआ आयोजन, बाल हितैषी मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष बाल ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। अवगत होवे कि सुश्री कौर ने संचालक सह आयुक्त ,पंचायत राज संचालनालय के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान मोड में 14 से 20 नवंबर 2025 के बीच आयोजित होने वाली विशेष बालसभा हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कटनी को नोडल अधिकारी नामांकित किया है। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर के निर्देश पर जिले भर की ग्राम पंचायतों में बालसभाओं का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। बालक बालिकाओं ने बालक बालिकाओं ने जोश के साथ भागीदारी सुनिश्चित कर अपनी मन की बातों को कहा।

### बाल सभाओं का उद्देश्य

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बताया कि भारत सरकार एवं पंचायत राज्य मंत्रालय द्वारा सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के तहत ग्राम पंचायतों में बाल हितैषी पंचायत के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायत में बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और सहभागिता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा एवं संवाद किया जा सकेगा। उन्होंने आगे बताया कि आयोजित बाल ग्रामसभा में 10 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बालक बालिका सहभागिता करेंगे।

सुश्री कौर बताती हैं कि ग्राम पंचायत स्तर पर विद्यालयों में बाल अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। जिला पंचायत के सीईओ सुश्री कौर कहती है कि 20 नवंबर 2025 तक बाल अधिकार एवं संरक्षण से संबंधित मुद्दों से जुड़े विषयों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान मोड में बालसभाओं का आयोजन किया जाएगा।

---

**कलेक्टर के निवास पर पहुंचे बीएलओ, दिया गणना प्रपत्र**

# कलेक्टर ने स्वयं भरा प्रपत्र, बीएलओ ने एप में दर्ज की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मतदाता सूची के विशेष गहन पुननरीक्षण का कार्य कटनी जिले में सुचारु रूप से जारी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है।

आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर बीएलओ मतदाताओं को दो प्रतियों में गणना प्रपत्र दे रहे हैं। इसी क्रम में आज शुक्रवार को प्राथमिक शाला भवन झिंझरी मतदान केन्द्र क्रमांक 244 की बीएलओ श्रीमती स्वाति चौहान ने कलेक्टर निवास पहुंच कर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी को गणना प्रपत्र प्रदान किया।। कलेक्टर ने स्वयं प्रपत्र में वांछित सभी जानकारी भर कर और फोटो लगाकर बीएलओ को गणना प्रपत्र वापस किया। बीएलओ ने आनलाइन डिजिटाइज्ड किया साथ ही गणना प्रपत्र की पावती भी प्रदान की। इस मौके पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मुड़वारा-93 प्रमोद चतुर्वेदी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं प्रभारी तहसीलदार कटनी नगर हर्षवर्धन रामटेक मौजूद रहे।

### घर-घर पहुंच रहे बीएलओ

बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर विशिष्ट गणना पत्रक (ईएफएस) प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं।साथ ही मतदाता का अपना नाम या अपने परिजन का नाम पिछले एसआईआर (वर्ष 2002-2004) की मतदाता सूची के मिलान व लिंक करने में मदद कर रहे हैं।गणना पत्रक भरने के लिये मतदाता को कोई भी दस्तावेज जमा नहीं करना है। सभी मतदाता अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटोग्राफ अवश्य बनवा लें। ताकि बीएलओ द्वारा प्रदाय प्रपत्र में नया फोटो चिपकाया जा सकें।

### बीएलओ को जानकारी दें

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि उनके घरों में पहुंचने वाले बीएलओ को वांछित जानकारी प्रदाय करने में सहयोग करें।श्री तिवारी ने लोगों से आग्रह किया है कि जब बीएलओ आपके घर पहुँचे, तो सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएँ। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

आयोग के निर्देशानुसार पुनरीक्षण के लिए सभी तैयारियाँ चार दिसम्बर तक पूरी की जाएंगी। नए मतदान केन्द्र बनाने और इनके युक्ति-युक्तिकरण का कार्य भी 4 दिसम्बर तक ही किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसम्बर को सभी मतदान केन्द्रों में किया जाएगा। मतदाता सूची के संबंध में 8 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियाँ प्राप्त की जाएंगी। दावे-आपत्तियों का 31 जनवरी 2026 तक निराकरण करके पुनरीक्षित मतदाता सूची तैयार की जाएगी। मूल मतदाता सूची और पूरक मतदाता सूची को 3 फरवरी तक तैयार करके निर्वाचन आयोग की अनुमति के बाद 7 फरवरी 2026 को इसका अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा।

---

# खेल के माध्यम से बच्चों को दी गई पॉस्को एक्ट की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में आश्रय बाल गृह, कटनी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तथा जिला विधि सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन की गरिमामय उपस्थिति में एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बच्चों को पॉस्को अधिनियम (बालकों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम) के विषय में सरल और रोचक ढंग से जानकारी दी गई। बच्चों को कानूनी जानकारी को मनोरंजक रूप से प्रस्तुत करने हेतु साँप-सीढ़ी खेल का आयोजन किया गया, जो पॉस्को अधिनियम की जानकारी पर आधारित था। शिविर में आश्रय बाल गृह में उपस्थित सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल के माध्यम से अपने अधिकारों एवं कानूनी सुरक्षा के बारे में सीखा।

### दी गई विधिक जानकारी

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री बिसेन द्वारा बच्चों को विधिक जागरूकता की महत्ता बताई गई तथा उन्हें किसी भी शोषण या अपराध की स्थिति में कानूनी सहायता प्राप्त करने के उपायों की जानकारी दी गई।

### स्टेट हाईवे के अंधे मोड़ बन रहे हादसों की वजह
## 40 किमी में 10 ब्लैक स्पॉट, फिर भी नहीं लगे संकेतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक से गुजरे जबलपुर सागर स्टेट हाइवे 15 पर कई जगह ऐसे अंधे मोड़ हैं, जो हादसों की वजह बन रहे हैं और आए दिन वाहन चालक सड़क किनारे पेड़ों से टकरा रहे या फिर मोड़ पर अनियंत्रित होकर वाहन पलट रहे हैं। इन हादसों में लोगों की मौत भी हो रही है या फिर गंभीर घायल व अपंग हो रहे हैं। इन अंधे मोड़ में से एक तेंदूखेड़ा मुख्यालय से 4 किलीमीटर दूर जबलपुर मार्ग पर स्थित नरगुवा की घाट पर है जहां पर लगातार वाहन मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट रहे हैं या फिर मवेशियों को बचाने के चक्कर में मोड़ पर अनियंत्रित हो जाते हैं। वहीं दूसरा मोड़ नगर से 1 किलोमीटर दूर माहुला पुल के पास और तीसरा मोड़ 3 किलोमीटर दूर झरौली पुल के पास है। जहां पर संकेतक, ब्रेकर सहित अन्य सुरक्षा के उपाय नहीं होने से आए दिन वाहन पलटते रहते हैं लेकिन हादसे रोकने का नाम नहीं ले रहे हैं प्रशासन से ब्लैक स्पॉट चिन्हित तो करता है लेकिन वहां हादसों को रोकने के लिए कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते हैं जब भी दुर्घटना होती है तो जिम्मेदार मौका मुआयना कर कागजी औपचारिकताएं पूरी कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर लेते हैं परिवहन विभाग सड़क निर्माण एजेंसी कोई पहल नहीं कर रहा है जिसके चलते सड़क हादसों में कभी नहीं आ रही है इस मार्ग पर ब्लैक स्पॉट में सचेत करने के लिए बड़े संकेतक बोर्ड भी नहीं लगाए गए हैं जब पड़ताल की गई तो स्थिति स्पष्ट हुई कि हादसे रोकने के लिए कहीं भी कोई प्रयास नहीं किए गए हैं।

### 10 दिन में तीन बड़े हादसे

तेंदूखेड़ा-पाटन मार्ग पर स्थित नरगुवा ग्राम की सीमा क्षेत्र में सबसे ज्यादा हादसे घटित हो रहे हैं। यहां पर 10 दिन में तीन बड़े हादसे हो चुके हैं जहां पर 5 नवंबर को गैस सिलेंडरों से भरा हुआ ट्रक कार को बचाने के चक्कर में पलट गया था जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था और एक बड़ा हादसा भी घटित होते हुए टल गया था ट्रक गैस सिलेंडरों को लेकर जबलपुर के शहपुरा भिटोनी से टीकमगढ़ जा रहा थ इसी बीच 6 नवंबर को जबलपुर से कानपुर यूपी जा रहा पुराने टायरों से लोड ट्रक भी अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया था जिसमें चालक घायल हो गया था वहीं 13 नवंबर गुरुवार को नरगुवा की घाट पर अंधे मोड़ पर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई थी लेकिन इस हादसे में चालक सुरक्षित था लेकिन हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए थे और सड़क छोड़कर खाई में पहुंच गई थी कार तेन्दूखेड़ा के एक शिक्षक की थी लेकिन अब सोचने वाली बात यह है कि इन दिन दिन में इस मार्ग पर इन मोड़ों पर तीन भीषड़ सड़क हादसे घटित हुई है लेकिन अभी भी और अधिकारियों का ध्यान नहीं है वहीं वर्ष 2024 में अप्रैल में इसी स्थान पर हुए हादसे में दो बच्चों की मौत भी हो गई थी हादसों की वजह अंधा मोड़ के साथ ही ढलान और सड़क पर मवेशियों को बचाना सामने आई है। स्थानीय लोग बताते हैं कि झलौन से तेंदूखेड़ा तक 20 किमी में 5 अंधे मोड़ है इसी तरह तेंदूखेड़ा के माहुला पुल के पास दो मोड़ है व झरौली पुल के पास भी दो खतरनाक मोड़ है इन दोनों स्थानों आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं इसी तरह नरगुवा से बगदरीघाट तक 15 किमी के एरिया में 5 खतरनाक मोड़ हैं और घास, झाड़ियां होने से कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इसके अलावा झरौली पुल और माहुला पुल पर पहले भी हादसे हो चुके हैं। इसके साथ ही माहुला पुल के पास भी एक साथ दो अंधे मोड़ होने के कारण अचानक से कोई भी वाहन और बाइक सवार आमने-सामने आ जाता है और वे वाहनों को कंट्रोल नहीं कर पाते हैं और हादसा हो जाता है। मनोज पटेल, अभिषेक सेन, मनीष यादव, अरविंद रजक, राहुल ठाकुर सहित अन्य ने बताया कि इस जगह पर पूर्व में भी ऐसी घटनाएं हुई है। अचानक वाहन सामने से कब आ जाता है, ये पता ही नहीं चलता है।

### रफ्तार पर लगाम लगाने बनाएं जाए ब्रेकर

लोगो और राहगीरों ने बताया कि ऐसे हादसे और वाहनों का अनियंत्रित होना अब आम बात सी हो गई है। यहां अंधा मोड़ तो है लेकिन ब्रेकर सहित अन्य सुरक्षा सुविधा नहीं है। यदि इस मार्ग पर दोनों पुल और मोड़ों पर दोनों तरफ ब्रेकर बन जाते हैं तो हादसों पर अंकुश लग सकता है इसी तरह झलौन से तेंदूखेड़ा तक और नरगुवा घाट बगदरीघाट तक सड़क किनारे संकेत बोर्ड व सूचना बोर्ड लग जाए तो हादसों को कुछ हद तक रोका जा सकता है लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा अनदेखी करना शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार करना दर्शा रहा है। स्थानीय लोगों ने जबलपुर-सागर हाइवे पर पड़ने वाले मोड़ों पर ब्रेकर बनाने, संकेतक लगाने सहित अन्य सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग शासन-प्रशासन के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से की है।

## रुद्र महायज्ञ में आहुतियां डालने उमड़ी भीड़
### यज्ञ के साथ राम कथा श्रवण कर ले रहे धर्म लाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

सनातन धर्म में यज्ञ का बहुत ही बड़ा महत्व बतलाया गया है। प्राचीन काल से ही आत्म साक्षात्कार से लेकर स्वर्ग सुख, बंधन मुक्ति, मनदसुद्धि, पाप प्रायश्चित, आत्म बल, त्रुटि शुद्धि आदि के लिए रुद्र महायज्ञ किया जाता है। इस समय सुरम्य वादियों के बीच कचौरा तालाब तट पर विराजे पंचमुखी महादेव माता पार्वती परिसर में रुद्र महायज्ञ का आयोजन संत शिवपूजन पांडे यज्ञाचार्य के मार्गदर्शन में पांच शास्त्रियों द्वारा सुबह शाम यज्ञ किया जा रहा है। साथ ही 3:00 बजे से रामकथा का आयोजन पंडित रघुवंशमणि पांडे चित्रकूट धाम के साथ ही सुश्री मंदाकिनी देवी ललितपुर अपने मुखारविंद से समधुर वाणी में भक्तों को राम कथा का रसपान करा रही है। एक ओर भक्त राम कथा धुन पर धर्म लाभ ले रहे है वहीं मंत्रों की पवित्र ध्वनि से लगातार गुंजायमान कचोरा परिसर के साथ ही ग्राम एवं क्षेत्र धर्ममय नजर आ रहा है यज्ञ वेदी में आहुतियां के रूप में समर्पित की जा रही औषधियां एवं इत्रों से सुगंधित तथा आरोग्यता प्रदान करने वाला वातावरण निर्मित हो रहा है। रुद्र महायज्ञ में प्रतिदिन निर्धारित समय ब्रह्म मुहूर्त से ही जप पाठ का शुभारंभ हो जाता है। रुद्र महायज्ञ में लगातार आहुतियां के साथ मंत्रों के उच्चारण से संपूर्ण क्षेत्र धर्म की गंगा में परिवर्तित हो चुका है। यज्ञ संपन्न करने वाले विप्र विद्वान शिवपूजन पांडे शास्त्री, यज्ञ आचार्य वाराणसी पंडित शिवशंकर मिश्रा शास्त्री, पंडित दिव्यांशु पांडे पंडित मोनू पांडे पंडित सोनू पांडे पंडित विशाल भारद्वाज यज्ञ कराने में अपना योगदान दे रहे हैं। प्रतिदिन रुद्र महायज्ञ राम कथा प्रवचन के साथ ही भक्तों के लिए विशाल भंडारा सुबह शाम चल रहा है। भक्तजन धर्म लाभ भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अपने आप को भाग्यशाली समझकर प्रफुल्लित नजर आ रहे है। ऐसे आयोजनों से भाईचारे अपनेपन के साथ ही भक्तों की आस्था श्री हरि की ओर ले जाती है जिससे मानव जीवन का उद्धार होता है। ऐसे आयोजन समय-समय पर निश्चित रूप से होना चाहिए जिससे ग्राम एवं क्षेत्र में भक्तों को सौभाग्य के साथ ही सुख की प्राप्ति हो।

**खबर संक्षेप**

### बिहार की बंपर जीत पर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**गैसाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के परिणामों में एनडीए गठबंधन की बड़ी जीत पर भाजपा में खुशी की लहर दौड़ गई कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं ग्राम पंचायत बलैह के सरपंच जुगल पटेल लंबरदार ने बिहार की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि यह जीत केंद्र की मोदी सरकार की। जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास की जीत है, युवा भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दहिया ने भी बिहार चुनाव की जीत का श्रेय सबका साथ सबका विकास कराने वाले प्रधानमंत्री मोदी जी को दिया भाजपा गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर पूर्व मंडल अध्यक्ष खिलान सिंह राजपूत सरपंच जुगल लंबरदार, रणधीर दहिया गोपाल पटेल नीलेश जैन जिमी नगरिया मुकेश पटेल जितेंद्र चौरसिया मुकेश गुप्ता सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत की बधाई दी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, प्राथमिक शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं बीएलओ सुपर वाईजर को जारी किये कारण बताओ नोटिस

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता,प्राथमिक शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं बीएलओ सुपर वाईजर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 55 दमोह ने कारण बताओ नोटिस जारी किये है। यह कृत्य मध्यप्रदेश लोक प्रतिनिधित्व लोक अधिनियम 1960 के निर्वाचन नियमों के विपरीत है,जो गंभीर आपराधिक कृत्य की श्रेणी में मानते हुये मतदान केन्द्र क्रमांक 201,202 बीएलओ सुपरवाईजर शिवम गोस्वामी, मतदान केन्द्र क्रमांक 293,294 शा.हाई स्कूल भवन भाग 01-02 लकलका तरूण गुप्ता, मतदान केन्द्र क्रमांक 201 बम्होरी शास. प्राथमिक शाला भवन बम्होरी सहा. अध्यापक जुगल किशोर दुबे, मतदान केन्द्र क्रमांक 293 लकलका प्राथमिक शिक्षक रामलीलाल विश्वकर्मा, मतदान केन्द्र क्रमांक 294 लकलका प्राथमिक शिक्षक श्रीमती निशा ठाकुर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 202 बम्होरी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता महिला एवं बाल विकास श्रीमती ममता ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी किये है। जारी आदेश में कहा गया है पत्र प्राप्ति के तत्काल बाद निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 55 दमोह के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अनुपस्थिति की दशा में संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर निर्णय लिया जायेगा, जिसके लिये संबंधित व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

## छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**दमोह।** बाल दिवस के अवसर के पर महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध जागरूकता विषय पर श्री गुरुनानक स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुजीत सिंह भदौरिया, डीएसबी प्रभारी श्रीमती सोनाली जैन, एसजेपीयू शाखा प्रभारी अमिता अग्निहोत्री, थाना अजाक से निरीक्षक रविंद्र बागरी, महिला प्रकोष्ठ शाखा से मंजुलता टंडन, क्रांति, संध्या तथा साइबर सेल शाखा से सौरभ टंडन, मयंक दुबे एवं अजाक स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## शराबियों का आतंक, महिलाएं पहुंची थाने



**जबेरा।** जबेरा थाने के समीपस्थ ग्राम ककरेटा की महिलाएं इस समय पिछले कई दिनों सेशराबियों के आतंक से भयभीत एवं परेशान है आज फिर ग्राम की महिलाएं शराबियों के आतंक से परेशान होकर के ग्राम पंचायत के उप सरपंच रवि झारिया के साथ पुलिस थाना जबे रा पहुंची शिकायत दर्ज करवाई की ग्राम ककरेटा का वीरेंद्र ठाकुर शराब बेचता है एवं शराब पीकर के ग्राम में गाली गलौज करता है पिछले दिनों उसने ग्राम की आशा कार्यकर्ता सुशीला बाई को गंदी-गंदी गालियां दी थी आशा कार्यकर्ता ने इसकी शिकायत पुलिस थानाजबेरा मैं दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही ना करने के कारण वीरेंद्र ठाकुर के हौसले बुलंद है आज पुनः उसके द्वारा ग्राम में आतंक फैलाया गया जिसकी शिकायत महिलाओं ने थाने पहुंचकर के दर्ज कराई। उप सरपंच रवि झारिया रिया ने बताया कि पुलिस के द्वारा मात्र संतुष्टि के लिए एनसी आर की कार्यवाही करके महिलाओं को भगा दिया गया उप सरपंच के द्वारा बताया गया कि अगर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती है तो बड़ी संख्या में महिलाएं दमोह पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष उपस्थित होकर के आवेदन प्रस्तुत करेंगी।

## बिहार में भाजपा की जीत पर विजय उत्सव



**दमोह।** बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर भाजपा दमोह द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर और पटाखे फोड़कर जीत का जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे जी ने कहा, ३बिहार की यह जीत जनता के विश्वास और भाजपा की जनसेवा की राजनीति का परिणाम है। भाजपा की यह शानदार जीत देश की राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में मजबूत कदम है। यह उत्सव कार्यकर्ताओं की मेहनत को समर्पित है। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला महामंत्री अरूण तिवारी, पूर्व जिला महामंत्री गोपाल पटेल जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज, संजय यादव मनीष तिवारी राघवेंद्र सिंह परिहार, जिला मंत्री भरत यादव, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, सह कार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन, साजिद रिजवी, नगर अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत वाजपेई, रिंकू गोस्वामी, कृष्णा राज, संतोष रोहित, संदीप शर्मा, सुनील यादव, गणेश जाटव, महेंद्र राठौर, देवल कटारिया, अखिलेश सिंह घोषी, अमित सैनी, बाबू सोनी, उदित सोनी नगर के जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल एवं मोर्चा पदाधिकारी, प्रकोष्ठ संयोजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। विजय की खुशी में वातावरण उत्साह और जोश से भर गया। कार्यक्रम देर शाम तक उत्साह, जयघोष और देशभक्ति के नारों से गूंजता रहा।

## बिरसा मुंडा जयंती पर जिला स्तरीय क्विज का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भगवान बिरसा मुंडा जन्म जयंती के अवसर पर पीजी कॉलेज दमोह में जिला स्तरीय क्विज का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम स्थान पर सांदीपनि विद्यालय जबेरा की छात्रा पूजा शर्मा ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा के छात्र शिव्यांश राजपूत तथा तृतीय स्थान पर शासकीय हाई स्कूल राजाबंदी की निधि उपाध्याय रही सभी सहभागी एवं विजेता प्रतिभागियों को आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक अदिति शांडिल्य ने प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया क्विज प्रतियोगिता में मोहन राय ,सुधीर विश्वकर्मा, रमेश अठ्या ,बहादुर सिंह ठाकुर, मदन गोपाल विश्वकर्मा, माखनलाल साहू, कैलाश पटेल सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

### पटेरा ने लहराया परचम

शासकीय हाईस्कूल राजाबंदी की बालिका निधि उपाध्याय ने ३मेरा विद्यालय,मेरी जड़३ वाक्य को ध्येय वाक्य बनाकर कार्य करने वाले शिक्षक कैलाश कुर्मी के मार्गदर्शन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य श्री मुकेश कुमार गूजरे जी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। शिवांश राजपूत उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा ने शिक्षक नीरज मिश्रा के मार्गदर्शन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र की जिला स्तरीय सफलता पर प्राचार्य श्रीमती वंदना भोज जी ने खुशी जाहिर की है।विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आई.एल.अठया जी ने भी दोनों छात्र-छात्राओ को बधाई दी हैं। साथ ही इस सफलता पर विकासखण्ड के शिक्षक साथियों एवं गणमान्य नागरिकों से लगातार बधाई एवं शुभकामनाएं प्राप्त हो रही हैं।

## राज्यमंत्री ने किया मंगल भवन का लोकार्पण



**जबेरा/सिंग्रामपुर।** जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत पौड़ी में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क अधो संरचना मद वर्ष 2023-24 के तहत स्वीकृत 20 लाख की लागत से निर्मित आधुनिक मंगल भवन का लोकार्पण राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने किया। ग्राम पंचायत सरपंच मनोज राय सहित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की व्यापक मौजूदगी में सम्पन्न कार्यक्रम में 8 लाख की लागत से बनाए गए मंच को भी जनता को समर्पित किया गया। मंगल भवन का निरीक्षण करते हुए राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने सरपंच मनोज राय द्वारा कराए गए गुणवत्तापूर्ण निर्माण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह भवन ग्रामवासियों के शादी-विवाह और अन्य सामाजिक मांगलिक कार्यक्रमों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने इसे ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में रूपेश सेन, खड्ग सिंह, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, राजेश सिंघई, रानू नामदेव, सरपंच मनोज राय, एसडीओ शिवाजी गौंड, उपयंत्री आर.के. जैन, आर.के. वर्मा, सहायक सचिव सुरेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने नए भवन और मंच के लिए सरकार तथा पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भरत-बाहुबली नाटक का हुआ मंचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नरसिंहगढ़ में श्री मज्जिजिनेन्द्र समवशरण विधान विधि विधान पूर्वक पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि द्वय श्री समत्वसागर एवं श्री शीलसागर जी के सानिध्य में आयोजन हो रहा है । चतुर्थ दिवस रात्री कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत भरत-बाहुबली नाटक का सजीव चित्रण किया गया । भरत एक चक्रवर्ती राजा बनना चाहते थे, जिसका अर्थ था कि उन्हें सभी राज्यों पर विजय प्राप्त करनी थी, जिसमें बाहुबली का राज्य भी शामिल था। बाहुबली ने अपने भाई की अधीनता स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिससे उनके बीच युद्ध छिड़ गया। जब दोनों सेनाएँ युद्ध के मैदान में आमने-सामने खड़ी थीं और भारी जनहानि होने की संभावना थी, तो सुझाव दिया कि व्यापक नरसंहार से बचने के लिए दोनों भाई अकेले ही द्वंद्वयुद्ध करें। बाहुबली ने भरत को कुश्ती में हरा दिया और अंतिम प्रहार करने ही वाले थे कि अचानक उन्हें आत्मज्ञान हुआ। उन्हें एहसास हुआ कि वह राज्य और शक्ति जैसी क्षणिक चीज़ों के लिए अपने ही बड़े भाई को मारने जा रहे थे। इस आत्मबोध ने बाहुबली के हृदय को बदल दिया। उन्होंने तुरंत अपनी मुट्ठी रोक ली और अपने सभी सांसारिक सुखों, राज्य और संपत्ति का त्याग कर दिया। उन्होंने अपने बाल नोंच लिए और दिगंबर मुनि बनकर मोक्ष के मार्ग पर चल पड़े। नाटक मुख्य रूप से इसी बिंदु पर केंद्रित है कि किस प्रकार भाईचारे और भौतिकता के बीच का संघर्ष अंततः त्याग और आध्यात्मिक शांति की ओर मुड़ जाता है, जहाँ बाहुबली युद्ध त्यागकर महान तपस्या करते हैं।

अंतिम दिवस विश्व शांति की कामना करते हुए महायज्ञ का आयोजन किया गया । बीजाक्षर मंत्रों से पूरा पंडाल गूंजित हो उठा । तत्पश्चात श्री जी को विमान में विराजमान कर मुख्य मार्गो से जाते हुए पूरे हर्ष उल्लास पूर्वक पंच परमेष्ठि के गुणों का गान किया गया । घोड़ों, बग्गियों एवं बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई ।

### मुनि श्री ने युवाओं को किया प्रेरित

गौरतलब है , कि मुनि श्री समत्व सागर जी पूर्व में गूगल जैसी प्रतिष्ठत कंपनी में करोड़ों के पैकेज पर कार्य करते थे परंतु वैराग्य की राह पकड़ उन्होने समस्त संसार को असार समझा । इसी कारण उनका झुकाव युवाओं को सही दिशा देना रहता है । युवा मन को संबोधित करते हुए, मुनि श्री समत्व सागर जी ने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ आध्यात्मिक मूल्यों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अहिंसा, सत्य और आत्म-अनुशासन के मूल जैन सिद्धांतों के बारे में विस्तार से बताया और छात्रों को नैतिक अखंडता और सचेतन जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों से आत्म-खोज और व्यक्तिगत विकास की अपनी यात्रा में जैन धर्म की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को बनाए रखने का आग्रह किया । साथ ही मुनि श्री शीलसागर जी द्वारा भी कवित्त रूप में जिनवाणी के मूल भाव को श्रोताओं तक पहुंचाया । शोभायात्रा में ग्राम एवं आस-पास के ग्राम के सभी संप्रदाय के लोगों ने सहभागिता की ।

### अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर तकनीकी स्वीकृति जारी करने पर सहायक यंत्री निलंबित

**दमोह।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने जनपद पंचायत हटा जिला दमोह में पदस्थ सहायक यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, अमर सिंह आदिवासी को अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर तकनीकी स्वीकृति जारी करने पर निलंबित कर दिया। सहायक यंत्री को इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने हेतु बुलाने के बाबजूद उपस्थित नहीं हुए। सहायक यंत्री द्वारा प्रस्तुत तकनीकी स्वीकृति की पंजी की छायाप्रति का परीक्षण करने पर पाया गया कि ऐसे 20 कार्यों की तकनीकी स्वीकृति जारी की गई है जिनकी तकनीकी स्वीकृति जारी करने के अधिकार सहायक यंत्री को नहीं थे। उक्त कृत्य अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता व स्वेछाचारिता का द्योतक है, जिस पर कमिश्नर सागर संभाग श्री सुचारी ने सहायक यंत्री अमर सिंह आदिवासी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

**क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड**
**दीनदयाल नगर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सागर (म.प्र.)**

**लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना**

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क. एस.ओ. 1533 (E) दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित प्रावधान अनुसार सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि ग्राम सूखा, सतपारा एवं जगधर, तह-पथरिया, जिला दमोह में निम्नानुसार परियोजना की लोक सुनवाई प्रस्तावित है :-

मेसर्स हाइडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड (HCIL) सूखा, सतपारा एवं जगथर चूना पत्थर खदान, खनिजों का खनन क्षमता 0.1 मिलियन टन प्रतिवर्ष, रकबा 216 हेक्टेयर, ग्राम सूखा, सतपारा और जगथर तहसोल पथरिया, जिला दमोह (म.प्र.)

उक्त खदान के प्रबंधक द्वारा State Level Expert Appraisal Committee, Bhopal से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया में मुख्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के समक्ष लोक सुनवाई हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक द्वारा उक्त परियोजना की इन्वारमेन्टल इम्पेक्ट असेसमेंट स्टडी रिपोर्ट, उसका कार्यपालक सार (हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में) तथा उक्त दस्तावेजों की डिजिटल प्रतिकृति काम्पेक्ट डिस्क (सी.डी.) में प्रस्तुत की है, जो जन-सामान्य के अवलोकनार्थ सरपंच, ग्राम पंचायत ग्राम-सूखा, सतपारा एवं जगधर, तह. पथरिया, जिला दमोह, कलेक्टर कार्यालय जिला दमोह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय दमोह, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दमोह, क्षेत्रीय निदेशक क्षेत्रीय कार्यो, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल, तथा क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर सहित म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट www.mppcb.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी एवं इच्छुक नागरिक इसका अवलोकन कर सकते हैं।

अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी अथता आपत्ति प्रस्तुत करना हो नह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दीन दयाल नगर, सागर (म.प्र.) में प्रस्तुत कर सकते हैं।
उक्त परियोजना के संबंध में कार्यालय कलेक्टर दमोह द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार लोक सुनवाई का आयोजन दिनांक 18.12.2025 दिन गुरुवार समय दोपहर 12.00 बजे से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पथरिया जिला दमोह की अध्यक्षता में स्थान डायमंड तिगड्डा के पास, ग्राम जगथर तहसील पथरिया जिला दमोह में किया जावेगा। इच्छुक नागरिक उपरोक्तानुसार लोक सुनवाई में सम्मिलित होकर परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति लिखित/मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर**